पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने जनपद बस्ती में आदर्श ग्राम लेदवा, ब्लॉक सल्टौआ गोपालपुर के प्राइमरी विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया

महिलाएं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 04 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने आज जनपद बस्ती में आदर्श ग्राम लेदवा के प्राइमरी विद्यालय, ब्लॉक सल्टौआ गोपालपुर का निरीक्षण किया। राज्यपाल जी ने विद्यालय में अध्ययन कर रहे बच्चों से पठन—पाठन की जानकारी ली और उनके पाठ्यक्रम से सवाल करके उनके ज्ञान स्तर को भी परखा। उन्होंने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया, जहाँ पर स्मार्ट स्क्रीन के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। अध्यापक ने राज्यपाल जी को बताया कि बच्चों के अभिभावकों के मोबाइल पर विभिन्न पाठ के वीडियो भेजे जाते हैं, जिसे वे घर पर भी देख सकते हैं। उन्होंने रसोई घर में जाकर मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया।

राज्यपाल जी ने गाँव में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, बच्चों को खिलौने एवं मिठाई वितरित किए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया, अमृत उद्यान में रुद्राक्ष का पेड़ लगाया, अमृत सरोवर का निरीक्षण किया तथा इसमें मछलियों का बीज डाला। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें स्वास्थ्य, एनआरएलएम, कौशल विकास, बेसिक शिक्षा, बाल विकास, कृषि, आयुष विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। उन्होंने स्टॉल पर मौजूद अधिकारियों—कर्मचारियों से जानकारी ली तथा इसका लाभ आम जनमानस तक पहुॅचाने का निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में वीरमाता एवं प्रभावती को आयुष्मान कार्ड, गुड़िया एवं शांति को उज्ज्वला योजना का गैस कनेक्शन, मीरा पांडेय एवं रामउग्रह पांडेय को तिलहन किट, राजमती को सोलर पैनल, अनिल कुमार को कृषि यंत्र, दुर्गावती एवं मीणा को लखपति महिला, चांदनी एवं नेहा को बीसी सखी, वीर पांडे एवं हर्षित को सुपोषण किट, गायत्री एवं अनिता को विद्युत सखी प्रमाण पत्र, निधि, गिरि एवं अंकित चौधरी को युवक मंगल दल का खेल किट तथा बबीता एवं प्रमिला को सीसीएल का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमा त्रिपाठी एंव रानी सिंह सहित 75 केन्द्रों के लिए आंगनवाड़ी किट वितरित किया। कौशल विकास के अन्तर्गत आचल एवं नसरीन को ब्यूटी किट वितरित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लेदवा गांव में एक स्थान पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन एक साथ देखकर उन्हें खुशी हुई है। इसी प्रकार से सभी गांव में विकास कार्य कराया जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं तथा बच्चों को संस्कारित बनाएं। बेटा एवं बेटी में कोई भेदभाव ना करें तथा सभी को पढ़ने का समान अवसर प्रदान करें। उन्होने कहा कि लड़किया पढ–लिखकर के काबिल बने और दहेजलोभी लड़को एवं परिवार को रिजेक्ट करें।

उन्होंने कहा कि होम्योपैथी दवा बच्चों एवं महिलाओं के लिए काफी कारगर होती है। डॉक्टर से संपर्क करके इसका सही उपयोग समय से करना चाहिए। कुछ दवाओ के बारे में उन्होंने कहा कि यह दवाएं आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध कराई जाए, जिसे एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री जरूरतमंद लोगों को दे सकें। उन्होंने कहा कि लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एक वैक्सीन भी उपलब्ध है, जिसे डॉक्टर से सलाह मशवरा करके सभी लड़कियों को लगवाया जाना चाहिए। बस्ती में कैंसर अस्पताल खुल गया है, जहॉ जांच एवं समय से इलाज करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगीं।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा वैज्ञानिकों को चंद्रयान–3 एवं आदित्य एल् वन सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए बधाई दिया और कहा कि इसरो में 50 प्रतिशत महिलाएं वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस सफलता को देखकर पूरा विश्व आश्चर्यचकित है और इसके द्वारा हम शीघ्र ही विश्व गुरु बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे।

इस अवसर पर मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आईजी आरके भारद्वाज, निवर्तमान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भारी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

———–

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

सचित्र हिन्दी वर्णमाला